थाने महाराष्ट्र से जुड़े प्रोफेसर अजय कांबले ने लॉकडाउन के दौरान शिक्षविदों की भूमिका पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा विभिन्न महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों द्वारा वेबिनार के ज़रिये डिजिटल लाईब्रेरी की अवधारणा को स्पष्ट किया है।उन्होंने कहा कि आज छात्रों को एस एम एस मैसंज़र ग्रुप वहट्स ऐप ग्रुप टेलेग्राम आदि से जोड़ा जा सकता है।

वेबिनार का सफल संचालन कालेज की पुस्तकालय अध्यक्ष डाक्टर प्रतिमा शर्मा ने किया उन्होंने सभी वक्ताओं का परिचय देते हुये उनका स्वागत किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी ने डिजिटल तथा ई लाईब्रेरी के महत्वपर प्रकाश डालते हुयें उसे समय की ज़रूरत बताया।उन्होंने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।वेबिनार का शुभारम्भ डाक्टर भास्कर शर्मा की कोविड पर लिखी एक चर्चित रचना से हुआ।कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से शिक्षविदो पुस्तकालय अध्यक्षों शोधार्थियों तथा शिक्षकों ने भाग लिया।अंत में अतिथियों ने प्रतिभागियों के प्रश्नो का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

वोकल फ़ार लोकल की अवधारणा पहले भी किसी न किसी रूप में भारत में रही है।चाहें स्वदेशी आन्दोलन या महात्मा गांधी के लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की बात हो या पंडित दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानव वाद का विचार अथवा दत्तोपंत ठेंगरी का स्वदेशी के प्रति आग्रह किसी न किसी रूप में लोक़ल के प्रति समर्पित रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक आवाहन चाहें वो स्वच्छ भारत अभियान हो अथवा स्वेच्छा से समर्थ लोगों का सब्सिडी छोड़ने की बात लोगों ने प्रधानमंत्री की बात का सम्मान किया है।

उक्त विचार प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने आज नेताजी जी सुभाषचंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय अलीगंज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित एक ओनलाइन विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये।ए पी सेन डिग्री कालेज में अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डाक्टर मंजुला ने कहा कि लोकल उत्पाद को बढ़ावा तभी मिलेगा जब हम उसे न केवल ख़रीदेंगे बल्कि उस पर विश्वास भी करेंगे।उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा कोविड के बाद घोषित बीस लाख करोड़ के पैकज का विस्तार से विवेचन करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ने निश्चय कर लिया है कि देश में एम एस एम ई सेक्टर के द्वारा बेरोज़गारी दूर की जा सकती है।उन्होंने कहा कि हमें अपने उत्पादों को राष्ट्रीयता की भावना से जोड़ना होगा। डाक्टर उपाध्याय ने मोदी जी के इन विचारो को बहुत महत्वपूर्ण बताया कि लोकल हमारी जरुरत ही नहीं ज़िम्मेदारी भी है।इसके लिए उन्होंने डाबर और अमूल और पतंजलि के उत्पादों का उदाहरण दिया।उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के ज़रिये हम अन्न के क्षेत्र में आत्म निर्भर हैं एवँ इस विपदा की घड़ी में हमारे पास पर्याप्त अन्न भंडार है।उन्होंने प्रदेश सरकार के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का हवाला देते हुये कहा कि इसमें आशातीत सफलता मिली है।उन्होंने ये भी कहा कि इज ओफ़ डोईंग को अपनाते हुये घरेलू उद्योगों की बाधाओं को दूर करना होगा जिससे उन्हें लालफ़ीताशाही का शिकार होने से बचाया जा सके।

गोष्ठी का शुभारम्भ वाणिज्य विभागाध्यक्ष तथा गोष्ठी की समन्वयक डाक्टर क्रान्ति सिंह ने वैदिक मंत्रो के साथ करते हुये विषय प्रवर्तन किया तथा थीम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ये अत्यन्त सम सामयिक है।गोष्ठी के आयोजक सचिव डाक्टर भास्कर शर्मा ने वक्ताओं का परिचय दिया।उन्होंने कहा कि वोकल फ़ार लोकल केवल उत्पाद का ही नहीं अपितु भाषा और संस्कृति के प्रति भी होना चाहिये।उन्होंने अपनी कविता का पाठ भी इस अवसर पर किया।

गोष्ठी की विशिष्ट वक्ता के रूप में मौजूद डाक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि की वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर कौशिकी सिंह ने पी पी टी के माध्यम से वोकल फ़ार लोकल की अवधारणा को स्पष्ट किया।उन्होंने कहा कि ये मात्र कोई नारा नहीं है बल्कि विकसित भारत के लिये हमारा मार्गदर्शन भी करेगा।उन्होंने कहा कि इसका मतलब विदेशी सामनो का बहिष्कार नहीं बल्कि अपने देश के उत्पादों को गुणवता पूर्ण तथा अन्तरराष्ट्रीय स्तर का बनाना है।उन्होंने स्वदेशी उत्पादों की वकालत करते हुये उसके अधिक से अधिक प्रचारित क़रने पर जोर दिया।स्वदेशी उद्रियों को प्रोमोट क़रने की सबसे अधिक जरुरत है।उन्होंने स्वदेशी उत्पादों का विक्रय ई commerce के ज़रिये क़रने की आवश्यकता पर बल दिया।डाक्टर कौशिकी ने कहा कि जो दिखता है वो बिकता है इसलिये हमें मार्केटिंग का फ़ंडा समझना होगा।लोकल को जीवन का मंत्र बनाना होगा।अगर अन्तर राष्ट्रीय उत्पादों के सामने ठहरना है तो हमें अपने प्रोडक्ट को दमदार तथा प्रतियोगी स्तर का बनाना होगा।ऐसे प्रोडक्ट को बनाना होगा जो ग्लोबल स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि हम लोकल के प्रति अपनी झिझक को हटायें तथा राष्ट्र हित में अपने देश के प्रोडक्ट को बढ़ावा दें।उनहोने ज्वलन्त तथा सम सामयिक विषय पर गोष्ठी आयोजित करने के लिये वाणिज्य विभाग को बधाई दी तथा सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।गोष्ठी की सह समन्वयक डाक्टर रश्मि अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार करते हुये प्रश्न मंच का अत्यन्त सफलता पूर्वक संचालन क़िया तथा श्रोताओं और शोधार्थियों की ओर से आये प्रश्नो का प्रस्तुतीकरण किया।

इस गोष्ठी में देश के लगभग प्रत्येक प्रान्त से शिक्षविदों शिक्षकों शोधार्थियों तथा अन्य लोगों ने वड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

हमारे देश में प्रकृति ने भरपूर उपहार दिया है जो सबके लिये समानरूप से निःशुल्क उपलब्ध हैं।हमें प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से बचना होगा और उनका विवेकपूर्ण और मितव्वयी इस्तेमाल करना होगा।ये विचार आज इंदिरगांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के फेस बुक लाइव पेज पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज अलीगंज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर तथा इगनु के समन्वयक डाक्टर जय प्रकाश वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुये व्यक्त किये।उनके भाषण का प्रसारण देश भर में किया गया।उनके उद्‌बोधन के दौरान इगनु की क्षेत्रीय निदेशक डाक्टर मनोरमा सिंह प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी सहायक निदेशक डाक्टर अनामिका सिंहा डाक्टर कीर्ति विक्रम सिंह कौंसेलर डाक्टर भास्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

डाक्टर जय प्रकाश ने कहा कि सतत विकास आवश्यक है।अगर हम विशेष तौर से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों पोखरों आदि का संरक्षण करेंगे तो काफ़ी हद तक समस्याओं को दूर कर पायेंगे।उन्होंने कहा कि हवा जल आक्सीजन प्रकाश सब प्रकृति प्रदत्त है लेकिन इनका संरक्षण हमारी ज़िम्मेदारी है।

सूच्य है कि इगनु द्‌वारा फ़ेस बुक लाइव पर निरन्तर विभिन्न विशेषज्ञों के विचारों का प्रसारण किया जा रहा है उसी कड़ी में आज प्रकृति प्रदत्त संसाधनों और सतत विकास पर उद्‌बोधन के लिये डाक्टर जय प्रकाश को आमंत्रित किया गया था।

बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस के अवसर पर आज उत्तर प्रदेश बाल अधिकार आयोग इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज के संयुक्त तत्ववधान में एक वेबिनार का आयोजन किया गया।यू पी बाल अधिकार आयोग के अध्यक्ष डाक्टर विशेष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि छोटे बच्चे जिन्हें बाल श्रम में झोक दिया जाता है वो समाज के लिये दायित्व बन जाते है।उन्होंने कहा कि बालश्रम को लेकर कार्य योजना बनाने की जरुरत हाई।इस विषय पर लम्बे समय से बातें हो रहीं हैं अंतः कुछ न कुछ जागरूकता समाज में आयीं हाई।श्री गुप्ता ने कहा कि बाल श्रम परिवार जनित समस्या है।उन्होंने कहा कि नोबल पुरस्कार विजेता के गम्भीर प्रयासों से बात श्रम में कमी आयी है।श्री विशेष गुप्ता ने कहा कि जब बचपन घायल होता है तो युवापन और वृध्वस्था भी अच्छा नही हो पता।घायल बचपन आक्रोशित होकर अपराध या अन्य गतिविधियों में शामिल हो जाता है।

विशेष वक्ता के तौर पर एन एस एस के राज्य स्तरीय समन्वयक डाक्टर अंशुमालि शर्मा ने कहा कि कोविड़ के दौरान एन एस एस के स्वयं सेवी बड़ी संख्या में बाहर निकले हैं और स्वेच्छा से सेवा कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पिछले ढाई महीने में एन एस एस के स्वयं सेवियों ने ग़ज़ब के साहस और सेवा भाव का परिचय दिया है।इस अवसर पर महिला एवँ बालविकास विभाग के उप निदेशक श्री पुनीत मिश्रा ने बाल अधिकरों के बारे में चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।बाल कल्याण समिति की डाक्टर संगीता शर्मा ने कहा की ऐसे बच्चे प्रतिभा मे किसी से कम नहीं होते अगर उनको अवसर मिले तो बे सभी काम कर सकते हैं जो साधन सम्पन्न बच्चे करते है।आयोग की सदस्य जया सिंह ने कहा की इस समय आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है इसलिए परिवारों पर इसका असर है इसका दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ना स्वभाविक है।उन्होंने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिये उनके परिवारों को ये समझाना होगा कि पढ़ने के बाद ये बच्चे कमाएँगे।उन्होंने कहा कि सरकार की अनेक योजानए हैं संस्थाओं की ज़िम्मेदारी है कि उनका व्यापक प्रचार प्रसार करे ताकि उनका फ़ायदा जरुरत मंदों को मिल सके।उन्होंने कहा कि आज भी मुख्य मंत्री द्वारा बाल श्रमिकों के लिये नई योजना लागू की गई है।ऐक्शन ऐंड यू पी उत्तराखंड श्रीख़ालिद ने भी वेबिनार को सम्बोधित किया।उन्होंने कहा की कोविड़ के दौरान बहुत से मुद्दों पर बात हो रही थी आज बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर उनकी चर्चा होना महत्वपूर्ण हैं।उन्होंने कहा की प्रवासी के रूप में बहुत बच्चे आर्ये हैं उनके baare में भी सोचना ज़रूरी है।

वेबिनार का शुभारम्भ कालेज कि प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी के संबोधन के साथ हुआ उन्होंने कहा कि कोमल मन की भावनाओं को एक शिक्षक बेहतर ढंग से समझ सकता है। इगनु की क्षेत्रीय निदेशक डाक्टर मनोरमा सिंह ने कहा कि बाल अधिकारों को लेकर इगनु ने अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत की है।उन्होंने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुये स्वागत किया। संस्कार भारती से जुड़े इगनु के कौंसेलर डाक्टर भास्कर शर्मा ने बाल श्रम से जुड़ी अपनी कविता"इनके भी दिल में दर्द है अरमान बहुत हैं"का वाचन किया।

वेबिनार का सफल संचालन सहायक निदेशक डाक्टर कीर्ति विक्रम सिंह तथा समन्वयक डाक्टर जय प्रकाश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में देश के अनेक स्वयं सेवी संगठनो शोधार्थी शिक्षाविद ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रोताओं के सवालों का जवाब दिया।वेबिनार में आयोग के सदस्य शुचिता चतुर्वेदी साक्षी बैजल प्रीति वर्मा नीता साहू श्री सुधाकर पाँडे श्वेता श्रीवास्तव आदि विशेष आमन्त्रित रहे।

(54)

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज, लखनऊ

Netaji Subhash Chandra Bose Govt. Girls P G College, Aliganj, Lucknow

Ek Bharat Shreshtha Bharat: 'Dekho Apna Desh'

एक भारत श्रेष्ठ भारत : 'देखो अपना देश'

Webinar series : Sasyak @ Awadh

(सस्यक @ अवध)

Organized by : EBSB Club

Date & Time

June 16, 2020 at 12.00 PM on ZOOM and YouTube

Chief Patron
Prof. Vandana Sharma
Director, Higher Education (U.P.)

Patron/Principal
Prof. Anuradha Tiwari

Principal
Dr. Milorai Modi
J.N. College, Pasighat,
Arunachal Pradesh

Eminent Speakers

Dr S.A. Mehandi
Former Registrar, High Court (Allahabad) & Presently Registrar N.C.L.T., Allahabad, News Reader, Lko DD Director, Producer and Writer, Theatre & Film Personality

Dr Deepti Khare
Principal
Govt. Degree College, Gosainkheda, Unnao (U.P.)

Dr Sanobar Haider
Assistant Prof. Dept. of History
MBP Govt. PG College,
Ashiana, Lucknow

Convenor/Nodal Officer
Dr. Poonam Verma

Dr. Temin Payum
Nodal Officer
J.N. College, Pasighat
Arunachal Pradesh

Organizing Secretary
Dr Vinita Lal

Co-organizing Secretary
Dr Meenakshi Shukla

तन मन धन अर्पण कर,
भारत को श्रेष्ठ बनायेंगे।
आत्मनिर्भर बन जग में,
स्वकौशल का ध्वज फहरायेंगे।।

Paired College with EBSB club

(61)

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज अलीगंज लखनऊ में पुस्तकालय विभाग एन सी सी तथा रेंजर के संयुक्त तत्वधान में एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारम्भ आज प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी द्वारा किया गया।एक सप्ताह तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रत्येक दिन स्वास्थ्य स्वच्छ पर्यावरण कौशल विकास रक्तदान सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक जिम्मदारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।इसके लिये विभिन्न क्षेत्रों के जाने माने विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।कार्यशाला का उद्घाटन करते हुये प्राचार्य ने कहा किकोविड के दौरान सामाजिक और स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर चर्चा करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है इससे हमें समस्याओं से निपटने में सहायता मिलेगी।उन्होंने वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।सरस्वती वन्दना कैडेट सन्ध्या शर्मा ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर प्रतिभा जोशी ने कहा कि हमारा पेट भरपूर है इससे ज़्यादा ज़रूरी है कि हमारा पोषण भरपूर होना चाहिये।उन्होंने महिलाओं की चर्चा करते हुये कहा कि देश में अधिकांश महिलायें एनीमिंक है उनमें हीमोग्लोबिन तथा लौह तत्व की कमी है इसके लिये प्राकृतिक साधन अपनाये जा सकता है।उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं तथा हरित क्रान्ति के माध्यम से उन्होंने अन्न भंडार को भरा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी वैज्ञानिकों से एक गाँव गोद लेने को कहा है जिसके चलते सभी वैज्ञानिको ने गाँव को विकसित क़रने का बीड़ा उठाया है।

राजधानी की जानी मानी मनोवैज्ञानिक डाक्टर मधुबाला ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे स्वास्थ्य का अभिन्न भाग है।उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान अनेक नकारात्मक विचार आते हैं ख़ासतौर से किशोरों के मन में ऐसे में हमें उनके साथ क्वालिटी समय बिताना चाहिये।उन्होंने कहा कि समाजिक अर्थिक और शारीरिक कारणों से मानसिक बीमारी होती है।हमें हर हाल में हमको तनाव मुक्त रहने की कला सीखनी होगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा की असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर सविता सिंह ने कहा कि इस समय हरी सब्ज़ी चना या जो भी पोषक तत्व है उन्हें खाना चाहिये साथ ही नियमित शारीरिक व्यायाम क़रने की आदत डालनी चाहिये।उन्होंने कहा की पानी पर्याप्त मात्रा में धीरे धीरे पीना चाहिये।पर्याप्त नींद के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती।

वेबिनार की कनवेनर डाक्टर प्रतिमा शर्मा ने विषय प्रवर्तन किया तथा कोविड के दौरान इस कार्यशाला की औचित्य पर प्रकाश डाला तथा अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यशाला का सफल संचालन डाक्टर रश्मि अग्रवाल ने किया उन्होंने प्रतिभागियों तथा वक्ताओं के बीच सेतु का कार्य कियातथा प्रश्नमंच का संचालन किया।इस अवसर पर देश के विभिन्न भागों से प्रतिभागी मौजूद रहे।रपटियर डाक्टर भास्कर शर्मा ने आयोजकों को सफल कार्यक्रम की बधाई दी।

DR SAVITA SINGH-GUEST-...
RAPPORTEUR DR. BHASK...
zoom

नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला शुरू

स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला

स्वास्थ्य,स्वच्छ पर्यावरण ,कौशल विकास, रक्तदान, सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर होगी चर्चा

पीजी कालेज अलीगंज लखनऊ में पुस्तकालय विभाग एनसीसी तथा रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारम्भ आज प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी द्वारा किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रत्येक दिन स्वास्थ्य,स्वच्छ पर्यावरण ,कौशल विकास, रक्तदान, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसके लिये विभिन्न क्षेत्रों के जाने माने विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुये प्राचार्य ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान सामाजिक और स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर चर्चा करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है इससे हमें समस्याओं से निपटने में सहायता मिलेगी।

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर प्रतिभा जोशी ने कहा कि हमारा पेट भरपूर है इससे ज्यादा जरूरी है कि हमारा पोषण भरपूर होना चाहिये। उन्होंने महिलाओं की चर्चा करते हुये कहा कि देश में अधिकांश महिलाएं एनीमिक है उनमें हीमोग्लोबिन तथा लौह तत्व की कमी है इसके लिये प्राकृतिक खान-पान अपनाये जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी वैज्ञानिकों से एक गांव गोद लेने को कहा है जिसके चलते सभी वैज्ञानिकों ने गांव को विकसित करने का बीड़ा उठाया है।

राजधानी की जानी मानी मनोवैज्ञानिक डाक्टर मधुबाला ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे स्वास्थ्य का अभिन्न भाग है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान अनेक नकारात्मक विचार आते हैं खासतौर से किशोरों के मन में ऐसे में हमें उनके साथ क्वालिटी समय बिताना चाहिये।

उन्होंने कहा कि सामाजिक आर्थिक और शारीरिक कारणों से मानसिक बीमारी होती है हमें हर हाल में इनको तनाव मुक्त रहने की कला सीखनी होगी। महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा की असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर सविता सिंह ने कहा कि इस समय हरी सब्जी चना या जो भी पोषक तत्व है उन्हें खाना चाहिये, नियमित शारीरिक व्यायाम करने की आदत डालनी चाहिये। उन्होंने कहा की पानी पर्याप्त मात्रा में धीरे धीरे पीना चाहिये। पर्याप्त नींद के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती।

वेबिनार की कन्वेनर डाक्टर प्रतिमा शर्मा ने विषय प्रवर्तन किया तथा कोविड के दौरान इस कार्यशाला की औचित्य पर प्रकाश डाला तथा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला का सफल संचालन डाक्टर रश्मि अग्रवाल ने किया

63

(64)

लखनऊ: एनएससीबी पीजी कॉलेज में कार्यशाला का हुआ उद्घाटन, स्वास्थ्य-सुरक्षा पर होगी चर्चा

Published on :21 Jul 2020 , 06:26 am IST

राजधानी लखनऊ के एनएससीबी पीजी कॉलेज अलीगंज में एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया है. इस कार्यशाला में स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास, रक्तदान, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर चर्चा होगी.

लखनऊ: नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज अलीगंज में एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया है. यह आयोजन पुस्तकालय विभाग एनसीसी तथा रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है. एक सप्ताह तक चलने वाली इस कार्यशाला में स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास, रक्तदान, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी. इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के जाने-माने विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है.

प्राचार्य डॉ. अनुराधा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला हमें तमाम समस्याओं से निपटने में सहायता करेगी. उन्होंने वक्ताओं और प्रतिभागियों का भी आभार व्यक्त किया. मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रतिभा जोशी ने कहा कि खाने में भरपूर पोषण होना चाहिए.

उन्होंने महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में अधिकांश महिलाएं एनीमिक हैं. महिलाओं में हिमोग्लोबिन तथा आयरन की कमी है. इसके लिए प्राकृतिक साधन अपनाए जा सकते हैं. इसके लिए खाने में हरी सब्जियों को जगह दी जा सकती है.

डॉ. प्रतिभा जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी वैज्ञानिकों से एक गांव गोद लेने को कहा है. इसके चलते सभी वैज्ञानिकों ने गांव को विकसित करने का बीड़ा उठाया है. राजधानी की जानी-मानी मनोवैज्ञानिक डॉ. मधुबाला ने कहा कि मानसिक रूप से स्वास्थ्य होना शरीर का अभिन्न अंग है. उन्होंने कहा कि कोविड-19 के समय में हमारे दिमाग में अनेक नकारात्मक विचार आते हैं. इसकी वजह से सामाजिक, आर्थिक और मानसिक बीमारियां होती हैं. ऐसे में हमें तनावमुक्त रहने की कला सीखनी होगी. इसलिए जरूरी है कि हम नियमित रूप से व्यायाम करने की आदत डालें.

आज स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज के सात दिवसीय कार्यशाला के क्रम में तृतीय दिवस ऑनलाइन स्किल डेवलपमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम विषय पर चर्चा हुई इस विषय पर गोरखपुर से गोरखपुर विश्वविद्यालय के डॉ जावेद आलम ह्यूमैनिटीज डिपार्टमेंट से डिजिटल इंडिया के बारे में उन्होंने कंपोनेंट्स ऑफ डिजिटल लिटरेसी की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि क्रिटिकल थिंकिंग, ऑनलाइन सेफ्टी स्केल, डिजिटल कल्चर, क्रिएटिविटी, फाइंडिंग इनफॉरमेशन और फंडामेंटल स्किल्स क्या होते हैं इसी के साथ ही साथ लखनऊ की जंबो टेक्नोलॉजी की एचआर हेड कंसलटेंट जो कि एक फाउंडर मैनेजमेंट ऑफ क्राफ्ट इमेज भी हैं, निधि शर्मा ने भी ऑनलाइन लिटरेसी डिजिटल इंडिया को प्रमोट करते हुए माइक्रो एटीएम एवं एपी ईएस आधार इनेबल पेमेंट सिस्टम विस्तृत स्टेप बाय स्टेप जानकारी मुहैया कराई। भारत बिल पेमेंट सर्विस, डॉमेस्टिक मनी ट्रांसफर के बारे में भी उन्होंने बताया कि किस तरह से इस डिजिटल इंडिया के क्रम में हम digital technolog के द्वारा अपनी मनी ट्रांसफर कर सकते हैं इसी के साथ ही साथ महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग की हेड डॉ क्रांति सिंह ने भी ऑनलाइन स्किल्स के बारे में बहुत सारी जानकारी दी, उन्होंने उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बहुत सारे गवर्नमेंट और नॉन गवर्नमेंट सेक्टर जो इस सर्विसेज को प्रोवाइड कर रहे हैं, उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी इसी के साथ ही साथ कैंडेट ज्योति सिंह ने पूरे प्रोग्राम को फीडबैक के द्वारा समीक्षा की। कन्वेयर श्रीमती प्रतिमा शर्मा ने सभी रिसोर्स पर्सन का परिचय दिया और प्रोग्राम की थीम को एवं उसके ऑब्जेक्टिव को बताया और यह भी बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा स्किल इंडिया मिशन जो कि पिछले वर्ष लांच किया गया था जिसमें 2022 तक 40 करोड़ युवा में जुड़ने वाले हैं इसी के साथ ही साथ डॉ रश्मि अग्रवाल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सात दिवसीय कार्यशाला में ऑनलाइन स्किल डेवलपमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम पर चर्चा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ। भारत अब तेजी से ऑनलाइन लिट्रेसी की तरफ अग्रसर हो रहा है। यह बात मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस गवर्नमेंट गर्ल्स

ऑनलाइन लिट्रेसी की तरफ अग्रसर हो रहा भारत

पीजी कॉलेज में चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के क्रम में तृतीय दिवस के विषय 'ऑनलाइन स्किल डेवलपमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम' में मुख्य वक्ता की भांति टेक्नोलॉजी की एचआर एंड कंसलटेंट निधि शर्मा ने कही। उन्होंने ऑनलाइन लिट्रेसी, डिजिटल इंडिया को प्रमोट करते हुए माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल एवं एप्लीकेशन आधारित डिजिटल पेमेंट सिस्टम विस्तृत रूप से जानकारी दी। भारत बिल पेमेंट सर्विस, यूनिफाइड मनी ट्रांसफर के बारे में भी उन्होंने बताया कि किस तरह से हम डिजिटल इंडिया के तरफ में हम अपनी मनी ट्रांसफर कर सकते हैं, इनकी बारीकियों को समझाया। इसी क्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय के डॉ. आनंद आलम यूनिवर्सिटी [illegible] के डिजिटल इंडिया फंक्शन में उन्होंने [illegible] ऑनलाइन [illegible] लिट्रेसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग, ईमेल डिजिटल पेमेंट, सिक्योरिटी, फाइनेंशियल इन्फॉर्मेशन और फंडामेंटल सिक्योरिटी क्या होते हैं इस पर विस्तार से चर्चा की। इसी के साथ ही महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की हेड डॉ. प्रीति सिंह ने भी ऑनलाइन स्किल्स के बारे में बहुत सारी जानकारी दी। उन्होंने उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बहुत सारे गवर्नमेंट और नॉन गवर्नमेंट सेक्टर जो इस सर्विसेज को प्रोवाइड करवाते हैं, उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी के साथ ही साथ डॉ. ज्योति सिंह ने पूरे प्रोग्राम की फीडबैक के द्वारा समीक्षा की। कन्वीनर प्रतिमा शर्मा ने सभी रिसोर्स पर्सन का परिचय दिया और प्रोग्राम की थीम को एवं उसके ऑब्जेक्टिव को बताया और यह भी बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा स्किल इंडिया मिशन जो कि पिछले वर्ष लॉन्च किया गया था जिसमें 2022 तक 40 करोड़ युवा में जुड़ने वाले हैं। इसी के साथ ही साथ डॉ. सीमा अग्रवाल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

आज स्थानीय नेता जी सुभाष चंद्र बोस गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज के सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप के क्रम में चतुर्थ दिवस में ब्लड डोनेशन अवेयरनेस प्रोग्राम विषय पर चर्चा हुई । इस विषय पर डॉक्टर जावेद, स्वामी प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक इंचार्ज, जो कि अब रिटायर्ड है उन्होंने ब्लड डोनेशन से पब्लिक में उत्पन्न भ्रांतियों को दूर किया और ब्लड डोनेशन की वास्तविक उम्र और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ सेकंड सेशन में डॉ पायल सिंह लखनऊ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बताया कि किस प्रकार ब्लड डोनेट करने से किसी व्यक्ति को कोई शारीरिक कमी नहीं होती है और ब्लड संबंधी जानकारी विस्तृत रूप से समझाया और सारी भ्रांतियां भी दूर की और कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए तमाम प्रश्नों द्वारा ब्लड डोनेशन अवेयरनेस को बढ़ावा देते हुए सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी उपलब्ध करायी। इसी के साथ महाविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रश्मि विश्नोई होम साइंस विभाग द्वारा भी ब्लड डोनेशन करने वाले व्यक्ति को अपने खानपान से संबंधित किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए एवं आयरन के साथ साथ विटामिन सी की उपयोगिता को भी समझाया। इसी के साथ कन्वीनर श्रीमती प्रतिमा शर्मा ने एक विशेष वीडियो दिखाते हुए अटैंडीस को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जारी गाइडलाइंस 14 जून वर्ल्ड ब्लड डोनर डे की 2012 से 2020 तक की थीम को बताया, जिसमें प्रमुखता ए वरी ब्लड डोनर इस ए हीरो, सेफ ब्लड फॉर सेविंग मदर, शेष ब्लड फॉर ऑल, सेव अर्थ सेव लाइफ, ब्लड कनेक्ट ऑल, थैंक यू फॉर सेविंग माय लाइफ आदि महत्वपूर्ण बिन्दु शामिल है। इसी के साथ ही ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री रश्मि अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। एवं कैडेट क्षमा दीक्षित एवं गायत्री देवी द्वारा रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रश्न पूछकर प्रतिभागियों की जिज्ञासा शांत की।

आंखें नम हो जाती हैं यह दिल भर आता है तुम्हारी कुर्बानी के किस्से सुनकर सिर गर्व से उठ जाता है समय था 26 जुलाई दिन रविवार का अर्थात 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय में सफलता पाई और हमारे देश में घुसपैठियों को मार गिराया इसी दिन को सम्मान के साथ कारगिल विजय दिवस के रूप में बनाने के संकल्प लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय अलीगंज आज कारगिल विजय दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ साथ शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो ० अनुराधा तिवारी ने एक तरफ तो कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को नमन करते हुए आंखें नम की दूसरी तरफ विजय दिवस की शुभकामनाएं सभी को दी, साथ ही साथ उन्होंने एक कविता पाठ करते हुए सभी एनसीसी की कैडेट्स का मनोबल , जोश और उत्साह से भर दिया, उन्होंने सभी छात्राओं को उनके देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझाने का प्रयत्न किया और उनके द्वारा प्रस्तुत कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में कविता पाठ एवं गीत की सराहना की । इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी श्रीमती प्रतिमा शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार ऑपरेशन विजय के दौरान कई भारतीय वीर जवानों ने निडरता के साथ अपने जीवन की आहुति दे दी और अपने कर्तव्य का पालन करते हुए उत्साह के साथ अपने आप को बलिदान किया । ऑपरेशन विजय की सफलता 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने प्रमुख चौकी की कमान संभालते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों से छीन ली थी। कारगिल युद्ध ६० से भी अधिक दिनों के लिए लड़ा गया और 26 जुलाई को समाप्त हुआ ।उन्ही शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में कारगिल विजय दिवस आज के दिन मनाया जाने लगा । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना कैडेट संध्या शर्मा ने किया उसके पश्चात दिव्यांशी ने स्वागत गीत से सभी अतिथियों का स्वागत किया। "अपने लहू से सीखा है उन परवानो ने, यूं ही नहीं यह वादियां जन्नत कहलाती हैं।" इन शब्दों के साथ स्तुति शुक्ला ने अपनी कविता का पाठ बड़े ही जोश से किया। सरोजिनी गुप्ता, आराध्या पांडे, मांडवी शुक्ला, आराध्य यादव, अर्चना. वर्मा, प्रियंका शुक्ला, तनु शुक्ला, शांभवी तिवारी, सरोजनी गुप्ता आदि एनसीसी की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर एवं कविता पाठ के द्वारा इस दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया। कैडेट मुस्कान राव, ज्योति पांडे ने वीडियो मैसेज के द्वारा अपनी बात प्रस्तुत की । "आओ मिलकर सलाम करें, उनको जिनके हिस्से में यह मुकाम आया खुश नसीब है वो, खून का कतरा जो, देश के काम आया।" इस जज्बे के साथ एनसीसी के प्रभारी श्रीमती प्रतिमा शर्मा ने भी एक वीडियो मैसेज द्वारा सभी कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया और विजय दिवस में प्रतिभागिता हेतु सभी को साधुवाद दिया इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रश्मि विश्नोई होम साइंस विभाग द्वारा भी सभी छात्राओं को संदेश दिया गया एवं उनके द्वारा प्रस्तुत कविता पाठ गीत स्लोगन पोस्टर वीडियो मैसेज सभी के लिए उनका उत्साहवर्धन किया महाविद्यालय के समस्त एवं महाविद्यालय के समस्त परिवार ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं संदेश देते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि नमन की।



Quote
कारगिल विजय दिवस
26 जुलाई
जय हिंद जय भारत माता

KARGIL VIJAY DIWAS
MANOJ KUMAR PANDEY

कारगिल विजय दिवस
- 2020
26 जुलाई 1999

(113)

महिला महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय अलीगंज में रविवार को शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कारगिल विजय दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को नमन करते हुए कविता पाठ कर सभी एनसीसी कैडेट्स का मनोबल, जोश और उत्साह से भर दिया। आओ मिलकर सलाम करें, उनको जिनके हिस्से में यह मुकाम आया खुश नसीब है वो खून का कतरा जो, देश के काम आया। इस जज्बे के साथ महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी प्रतिमा शर्मा ने एक वीडियो मैसेज द्वारा सभी कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैडेट संध्या शर्मा ने सरस्वती वंदना से किया। दिव्यांशी ने स्वागत गीत से सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्तुति शुक्ला ने अपनी कविता का पाठ बड़े ही जोश से किया। सरोजिनी गुप्ता, आराध्या पांडेय, मांडवी शुक्ला, आराध्या यादव, अर्चना वर्मा, प्रियंका शुक्ला, तनु शुक्ला, शांभवी तिवारी, सरोजनी गुप्ता सहित एनसीसी की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर एवं कविता पाठ के द्वारा इस दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. रश्मि विश्नोई ने सभी छात्राओं को वीरता का संदेश दिया।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज ,लखनऊ की इबीएसबी टीम द्वारा आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत :देखो अपना देश' (सस्यक @अवध) के प्रति सप्ताह आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज 30 जुलाई 2020 को वेबीनार संपन्न हुआ । वेबीनार में पूर्वांचल क्षेत्र के जनपदों के धार्मिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक तथा विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई । इस वेबीनार में विभिन्न स्थानों से बहुसंख्यक शिक्षार्थी ,शिक्षक एवं जिज्ञासु दर्शकों ने प्रतिभाग किया । युग्मित संस्था जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, पासीघाट ,अरुणाचल प्रदेश के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । इस वेबीनार का आयोजन जूम एप के द्वारा तथा सजीव प्रसारण यूट्यूब पर किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना द्वारा हुआ जिसे छात्रा संध्या शर्मा ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किया । वेबीनार का उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी ने किया । उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत :देखो अपना देश' संकल्पना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए सस्यक विशेषण को परिभाषित किया तथा अरुणाचल प्रदेश एवं भारत की वैविध्य पूर्ण संस्कृति के प्रति अपनी विशेष रुचि एवं अनुराग को व्यक्त किया ।साथ ही उन्होंने सभी गणमान्य वक्ताओं एवं अरुणाचल प्रदेश से जुड़े अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। वेबीनार की विषय वस्तु को कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं कन्वीनर डॉ पूनम वर्मा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने विविधता में एकता पर आधारित एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल भावना से सब को परिचित कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम से जुड़े वरिष्ठ विद्वान वक्ता प्रोफेसर नगेंद्र सिंह जी (रिटायर्ड विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, बलरामपुर) ने बलरामपुर एवं गोंडा जनपद के भौगोलिक ऐतिहासिक प्राकृतिक सौंदर्य एवं जैव विविधता से परिपूर्ण स्थानों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रोफेसर सुरेंद्र नाथ मिश्र (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, सिद्धार्थनगर)ने संत कबीर नगर, बस्ती एवं सिद्धार्थनगर के साहित्यिक ,सांस्कृतिक ,शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए पर्यटन स्थलों की अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी ।

डॉक्टर शिव प्रताप सिंह (सचिव प्रबंध समिति, किसान पीजी कॉलेज ,बहराइच) बहराइच एवं श्रावस्ती के ऐतिहासिक, साहित्यिक, धार्मिक पक्षों एवं खानपान संबंधी विशेषताओं पर चर्चा करते हुए वहां के भौगोलिक पक्ष परिषद विशाल ऋषभ विशद एवं ज्ञानवर्धक वक्तव्य प्रस्तुत किया जिसे छात्रों द्वारा परीक्षा उपयोगी बताकर बहुत सराहा गया ।

अरुणाचल प्रदेश के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, पासीघाट से जुड़े जंतु विज्ञान विभाग के डॉक्टर कैंटो काडू ने वहां की जनजाति व्यवसाय एवं विशिष्ट व्यंजनों पर ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर बृजबाला मिश्रा ने बस्ती के बारे में बताया कि यह वशिष्ठ की नगरी है। उन्होंने वहां के औद्योगिक, प्रशासनिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पौराणिक पहलुओं को छूते हुए प्रभावशाली वक्तव्य दिया।

कार्यक्रम का संचालन ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ विनीता लाल ने बहुत ही कुशलता ,सुगमता एवं पूर्ण मनोयोग से किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के लोक नृत्य को डिजिटल माध्यम से प्रसारित कर कार्यक्रम को रोचक बनाया ।

डॉ मीनाक्षी शुक्ला ने सभी वक्ताओं की विशेष बातों को समाहित करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। तकनीकी सहायक के रूप में सुनील वर्मा एवं राजकुमार वर्मा ने पूर्ण सहयोग दिया।

गुरुकुल शिक्षा पद्धति में ज्ञान आधारित शिक्षा होती थी जबकि आज की शिक्षा जाब आधारित है।गुरु का अर्थ है बोलने वाला अर्थात् बोलकर ज्ञान देने वाला।इसी प्रकार गुरु वो होता हाई जो हमें अन्धकार से निकालता है।ज्ञान का सिंचन करता है शास्त्र के बारे में बताता है और शिष्य को अच्छे और सच्चे मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करता है।

उक्त विचार लखनऊ विवि में संस्कृत के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पद्मश्री डाक्टर ब्रजेश शुक्ला ने व्यक्त कियेवो आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज अलीगंज के संस्कृत विभाग द्वारा श्रावणी पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित संस्कृत दिवस की आन लाइन संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।संगोष्ठी का विषय था कोविड१९ के परिप्रेक्ष्य में संस्कृत का महत्व और गुरुकुल शिक्षा पद्धति।

प्रोफेसर ब्रजेश शुक्ला ने कहा कि अमेरिका जैसे धनी देश कोविड से परेशान हैं जबकि भारतीय प्राचीन पद्धति आयुर्वेद और योग में इसका समाधान देखा जा रहा है।गुरु शिष्य सम्बंध की विशद व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि शिष्य का धर्म होता है कि वो गुरु की निंदा न करेशिष्य सेवा क़रने वाला होना चाहिये।उसे उद्दण्ड नहीं होना चाहिये क्योंकि ऐसे शिष्य को ज्ञान देना निषेध है।जैसे अच्छे बीज को ऊसर में नहीं बोया जाता।उन्होंने कहा कि विद्या हमें विनम्र बनाती है।विद्या विवाद के लिये नहीं होती।जो विद्या पर अहंकार करता है उसका सम्मान नही होता है।उन्होंने कुलपति कुल पाठक उपाध्याय आदि के बारे में विस्तार से बताया।

पद्मश्री ब्रजेश शुक्ला ने कहा कि गुरु को ज्ञानी होना ही पर्याप्त नहीं है उसके अंदर सम्प्रेषण शक्ति का होना ज़रूरी है।ज्ञान और सम्प्रेषण का समन्वय रखने वाला गुरु श्रेष्ठ होता है।उन्होंने कहा कि हालाँकि सह शिक्षा के भी प्रमाण संस्कृत नाटकों में मिलता है।स्त्रियों को पढ़ने का बराबर अधिकर था।वैदिक काल में भी आज जैसी आधुनिकता थी परन्तु सब संस्कारों से युक्त होते थे।उन्होंने कोविड १९ की चर्चा करते हुये कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि हमें सादा भोजन करना चाहिए व्यायाम करना चाहिये।हमारे आयुर्वेद में काढ़ा और विभिन्न औषधियों के बारे में बताया गया है।

प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते कहा कि संस्कृत और गुरुकुल भारत की प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है।संस्कृत हमें विषमताओं में भी मार्ग निकालना सिखाती है।आज देश और दुनिया हमारी संस्कृति की ओर निहार रही है।उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया तथा आयोजन समिति और संस्कृत विभाग को ऐसे विषय पर गोष्ठी कराने के लिये बधाई दी।

विशिष्ट अतिथि डाक्टर चंद्रकांत दत्त शुक्ला ने धर्म अर्थ काम और मोक्ष की चर्चा करते हुये कहा किये श्रेष्ठ जीवन का तत्व हैं।उन्होंने संस्कृत और संस्कृति की विस्तार से चर्चा की तथा दोनो के अंतर को स्पष्ट किया।उन्होंने कहा कि जिसने संस्कृत और संस्कृति में समन्वय कर लिया वास्तव में उसने ही जीना सीख लिया और ऐसे लोग कोविड जैसी बीमारियों से आसानी से निपट लेंगे।उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति प्रकृति का संरक्षण ही नहीं उसके पूजन के लिये प्रेरित करती है।उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर होने का भाव भी संस्कृत से निकलता है।

कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की संस्कृत विभागाध्यक्ष डाक्टर ऊषा मिश्रा ने किया उन्होंने मुख्य वक्ता तथा विशिष्ट वक्ता के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आज की गोष्ठी की प्रासंगिकता को स्पष्ट किया।प्रश्न मंच का संचालन संयोजक डाक्टर श्वेता भारद्वाज द्वारा अत्यन्त कुशलता पूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ छात्रा दीक्षा बाजपेई की शिव वन्दना से हुआ।नूपुर कनौजिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।नूपुर कनौजिया द्वारा सुमधुर संस्कृत गीत कण्ठे कण्ठे संस्क्रतम का पाठ किया।

धन्यवाद हिंदी की विभागाध्यक्ष डाक्टर मीनाक्षी शुक्ला ने किया उन्होंने अत्यंत प्रभावी सार संक्षेप भी प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डाला।छात्रा श्यामली ने अंत में शान्ति पाठ किया।


Meet - dxt-qrgn-fjj
meet.google.com/dxt-qrgn-fjj
Vandana Malviya and 74 more
5:11 PM
RAGHVENDRA SHUKL
Bhaskar Sharma
Usha Mishra
Anuradha Tiwari
Dr.Chandra Kant Shukla
Sunil Verma
SACHIN KUMAR
prof.brijesh kumar shukla
Uttam Shukla
Laxmi Sahu
Priyanka Sharma has left the meeting
Nikhil Agnihotri
SEEMA MISHRA
Shivangi Shukla
Ritesh Kumar Pathak
Meeting details
Turn on captions
Present now

'एक भारत श्रेष्ठ भारत, देखो अपना देश' की पृष्ठभूमि पर वेबिनार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की इबीएसबी टीम द्वारा आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत, देखो अपना देश' के तहत प्रति सप्ताह आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज एक वेबीनार में

नार्थ,ईस्ट के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लिया भाग

पूर्वांचल क्षेत्र के जनपदों के धार्मिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक तथा विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई । इस वेबीनार में विभिन्न स्थानों से बहुसंख्यक शिक्षार्थी एशिक्षक एवं जिज्ञासु दर्शकों ने प्रतिभाग किया । युग्मित संस्था जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, पासीघाट ,अरुणाचल प्रदेश के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । इस वेबीनार का आयोजन जूम एप के द्वारा तथा सजीव प्रसारण यूट्यूब पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना द्वारा हुआ जिसे छात्रा संध्या शर्मा ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किया । वेबीनार का उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी ने किया । उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत , देखो अपना देश' संकल्पना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए सम्यक विशेषण को परिभाषित किया तथा अरुणाचल प्रदेश एवं भारत की वैविध्य पूर्ण संस्कृति के प्रति अपनी विशेष रुचि एवं अनुराग को व्यक्त किया । साथ ही उन्होंने सभी गणमान्य वक्ताओं एवं अरुणाचल प्रदेश से जुड़े अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। वेबीनार की विषय वस्तु को कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं कन्वीनर डॉ पूनम वर्मा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने विविधता में एकता पर आधारित एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल भावना से सब को परिचित कराया।

अरुणाचल प्रदेश के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, पासीघाट से जुड़े जंतु विज्ञान विभाग के डॉक्टर फैंटो काडू ने वहां की जनजाति व्यवसाय एवं विशिष्ट व्यंजनों पर ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर कृष्णकला मिश्रा ने बस्ती के बारे में बताया कि यह वशिष्ठ की नगरी है। उन्होंने यहां के औद्योगिक, प्रशासनिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पौराणिक पहलुओं को छूते हुए प्रभावशाली वक्तव्य दिया।

80

नेताजी सुभाषचंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज में आज राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कवि सम्मेलन का शुभारम्भ प्राचार्य और संरक्षक प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने करते हुये कहा कि करोना संकट के कारण लोगों के मन में कहीं न कही दबाव है और निराशा व्याप्त हो रही है ऐसे में इस तरह के आयोजन से नई ऊर्जा का संचार होता है।उन्होंने कहा कि कविताओं से विषादों और जीवन की विषंगतीयों को दूर किया जा सकता है।उन्होंने अपनी रचना"स्वर्णमई जीवन धारा तुम जीवन तम पर छा जाना" का सस्वर पाठ किया।कवि सम्मेलन का विधिवत प्रारम्भ हरदोई की प्रसिद्ध गीतकार सोनी मिश्रा की सरस्वती वन्दना से हुआ।उन्होंनेकहा"तार वीणा के हे माँ बजा दीजिये आज की शाम को जगमगा दीजिये"। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता तथा संचालन देश के वरिष्ठ कवि साहित्यकार तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सदस्य श्री कमलेश मौर्य मृदु ने किया। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध रचनाओं का पाठ किया ख़ासकर "राम व बाबर की तुलना गुड़ गोबर की तुलना करना है" का पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी।उन्होंने अपने विनोदपूर्ण और सधे संचालन से और आशु कविताओं से अंत तक श्रोताओं से बाँधे रखा।नवोदित कवियत्री ख़ुशबू मिश्रा ने दार्शनिक अन्दाज़ में कहा"मेघ कब तक जल कणो को बाँध खुद में रख सकायह मनुज भी काल के बांधे कभी न बंध सका" कवियत्री सोनी मिश्रा ने शृंगार से ओतप्रोत कविता"तुम्हारे दिल का जब भी प्यार बदल जाता है हमारे प्यार का संसार बदल जाता है"पढ़कर श्रोताओं का मन मोह लिया।इसके अलावा उनकी रचना"मैं कोयल जैसी चहकूँ मैं मैना जैसी बोलूँ तू फूल मेरा बन जाये मैं तितली जैसा डोलूँ" को प्रशंसा मिली। बाराबंकी के हास्य कवि संदीप अनुरागी ने अपनी हास्य क्षणिकाओं से लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी।उन्होंने पढ़ा "घातक बहुत करोना चीन का शैतान करोना"।

ओज के प्रसिद्ध हस्ताक्षर तथा राष्ट्रीय कवि संगम लखनऊ के अध्यक्ष अशोक अग्निपथी ने वीर रस की रचनाओं से जोश भर दिया।उनकी रचना "बेटियों को झाँसी वाली रानी सा बनाइये" तथा देश के दुश्मनों को ललकारती रचना"बंशी जो बजाते हैं वो चक्र भी चलाते हैं" को भरपूर तालियाँ और प्यार मिला।

शृंगार के वरेण्य कवि तथा लोकप्रिय गीतकार डाक्टर राघवेंद्र मिश्र प्रणय ने अपनी सुमधुर आवाज़ से शमा बाँध दिया। बेटियों पर उनकी रचना"सागर से मिलने की ख़ातिर नदियाँ होना पड़ता हैं जग महकाना हो तो बगिया होना पड़ता है बेटा बनकर शायद माँ के आँसू न दीखें माँ के आँसू पढ़ना हो तो बिटिया होना पड़ता है।"देश के प्रसिद्ध हास्य कवि और कई राष्ट्रीय चैनलों पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा चुके डाक्टर कमलेश द्विवेदी ने अपने प्रसिद्ध आल्हा का पाठ किया साथ ही चर्चित रचना " मैंने कहा सलाम चच्चा चच्चा बोले राम राम बच्चा"पढ़कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कवि सम्मेलन के आयोजक सचिव और कवि डाक्टर भास्कर शर्मा ने वास्तविक सुंदरता और जीवन की सच्चाई पर आधारित अपनी मशहूर कविता"ये जो गाल गुलाबी हैं ढल जाएँगे" पढ़कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

कवि सम्मेलन का सधा और प्रभावी संयोजन डाक्टर रश्मि बिश्नोई ने किया।उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन मे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न प्रांतों से लोग मौजूद रहे उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया।कवि सम्मेलन की सार्थकता और प्रासंगिकता पर समन्वयक डाक्टर जय प्रकाश वर्मा ने प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथी के रूप में इगनु की क्षेत्रीय निदेशक डाक्टर मनोरमा सिंह प्राचार्य गण प्रोफेसर मंजु दीक्षित प्रोफेसर भारती सिंह और प्रोफेसर सुस्मिता चंद्रा पूरे समय मौजूद रहकर सबका उत्साह वर्धन किया।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत चल रही कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज तथा पासी घाट अरुणाचल प्रदेश स्थित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वधान में सांस्कृतिक साहित्यिक आदान प्रदान के अन्तर्गत वेबिनार का आयोजन किया गया।आज अवध क्षेत्र के सीतापुर लखीमपुर तथा हरदोई की सांस्कृतिक आर्थिक साहित्यिक राजनैतिक विरासत पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि संस्कृतियों के आदान प्रदान की ये प्रधानमंत्री की अभिनव अवधारणा है।इस प्रकार के कार्यक्रमों से एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है तथा प्रेमभाव भी बढ़ता है।दूसरे प्रदेशों के बारे में जो हमारी परिकल्पना है उसे मूर्त रूप मिलता है।

इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में हिन्दी के जाने माने विद्वान आलोचक तथा लेखक और चीन ईरान तथा आइ ए एस अकादमी मसूरी में अध्यापन कर चुके प्रोफेसर गंगा प्रसाद शर्मा ने सीतापुर तथा लखीमपुर की एतिहासिक सांस्कृतिक धार्मिक महत्व की विस्तार से और सारगर्भित चर्चा की।उन्होंने कहा कि सीतापुर में पद्मश्री महेश प्रसाद गेहरे द्वारा स्थापित आँख अस्पताल मानवता की बड़ी सेवा है।नैमिष मिश्रित आदि के पौराणिक महत्व की चर्चा करते हूये कहा कि ये कुलपतीयों तथा त्यागीयों की भूमि है।इसी भूमि पर कैप्टन मनोज पांडे जैसे लोग ने जन्म लिया जिन्होंने वीरता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने लखीमपुर के अवधी कवि वंशीधर शुक्ल की रचना का पाठ कर उनको याद किया।उन्होंने कहा कि ये धरती वैश्विक चेतना तथा वसुधेव कुटुम्बकम का उद्घोष करने वाली है।

दूसरे विशिष्ट अतिथि जाने माने कवि साहित्यकार तथा व्यंग्यकार तथा प्राचार्य श्री अरुणेश मिश्रा ने हरदोई जनपद के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि ये संस्कारों की धरती है जो नैमिष से प्रभावित है।श्री मिश्रा ने कहा कि भगत सिंह के सहयोगी जयदेव कपूर और शिव वर्मा का जन्म हरदोई में होने के कारण ये धरा और भी पावन हो गई है।उन्होंने कहा कि आज़ादी के आन्दोलन में बिरवा की रानी विद्यवती तथा रुइया नरेश ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। उन्होंने अपनी रचना हम इंसान हैं इसलिए परेशान चूँकि आप गिद्ध हैं इसलिये प्रसिद्ध हैं सुनाकर सबको प्रभावित किया। उन्होंने हरदोई की मुख्य फ़सल मूँगफली तथा आलू को बताया।

इस अवसर पर पर अरुणाचल प्रदेश से मौजूद श्री लेखी ने अरुणाचल प्रदेश की धार्मिक सांस्कृतिक विरासत तथा इतिहास की विशद व्याख्या की।उन्होंने कहा कि वहाँ की सभ्यता और संस्कृति पर बौद्ध धर्म की महायान शाखा का विशेष प्रभाव है। वहाँ पर सरल हिंदी का भी प्रचलन है।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा संध्या शर्मा की सरस्वती वन्दना से हुआ।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के लोक गीतों पर आधारित नृत्य का भी प्रसारण किया गया।

वेबिनार की थीम डाक्टर विनीता लाल ने प्रस्तुत की और बताया कि प्रधानमंत्री जी के स्वप्न को किस प्रकार से मूर्त रूप दिया जा रहा है।कार्यक्रम का सफल और प्रभावशाली संचालन डाक्टर पूनम वर्मा ने किया उन्होंने अतिथियों का परिचय भी कराया।डाक्टर भास्कर शर्मा ने सीतापुर और लखीमपुर की साहित्यिक विरासत को साझा किया।

धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर अरविन्द ने किया।उन्होंने कार्यक्रम का सार संक्षेप भी अत्यन्त रोचक और प्रभावपूर्ण ढंग से किया


LIVE on YouTube
Recording
Exit Full Screen
PROF. GANGA PRASAD SHARMA -SITAPUR (EMINENT.....
DR ANURADHA TIWARI (PATRON/PRINCIPAL)
arvind yadav
DR POONAM VERMA (CONVENER/ NODAL OFFICER)
DR VINITA LAL (ORGANIZING SECRETARY)
DR BHASKAR SHARMA-POET SANSKAR BHARTI
SHRI ARUNESH MISHRA - HARDOI (EMINENT SPEAKER)
Audio Settings
Chat
Raise Hand
Q&A
Leave

58

देश में तीसरी बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो रही है।इसके पहले १९८६ में शिक्षा नीति लाई गई थी उसके बाद १९९१ में वैश्वीकरण का एक नया दौर शुरू हुआ।इसके पहले तक देश की जी डी पी में बड़ा हिस्सा कृषि क्षेत्र का था।देश बड़ी मात्रा में आयात करता था और शिक्षा के क्षेत्र में कौशल विकास की भूमिका नगण्य थी।अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० ऐसे समय आ रही है जब देश में शहरी करण का दौर है आने वाले समय में पचास प्रतिशत लोग शहरवासी हो जाएँगे।

उक्त विचार वरिष्ठ आइ ए एस अधिकारी तथा कौशल विकास विभाग के मिशन निदेशक कुणाल सिल्कु ने व्यक्त किये।वो आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पी जी कालेज अलीगंज द्वारा नई शिक्षा नीति के भविष्य पर आयोजित एक वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।नई शिक्षा नीति में कौशल विकास विषय पर अपने सारगर्भित उद्बोधन में श्री कुणाल ने कहा कि इसमें कौशल विकास बहुत प्रभावी भूमिका निभाने वाला है।अब वो समय गया जब कौशल विकास को एक अपेक्षाकृत कम शिक्षित या पढ़ाई छोड़ चुके लोगों के लिए रोज़गार का ज़रिया माना जाता था अब कौशल विकास का ग्लैमर विश्व स्तरीय होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास को बुद्धिजीवियों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ जोड़ा जा रहा है।कक्षा छः से बारह तक कम्प्यूटर कोडिंग सिखाई जायेगी।इसी के साथ अब व्यावसायिक शिक्षा को अकादमिक शिक्षा के साथ समन्वित किया जा रहा है।उन्होंने कहा केवल औपचारिक शिक्षा से काम नहीं चलने वाला।अब हमें रोज़गार तलाशने वाला नही बल्कि रोज़गार देने वाला बनना होगा।

इसके पूर्व वेबिनार का शुभारम्भ प्राचार्य तथा संरक्षक प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने किया।सूच्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रोफेसर अनुराधा तिवारी को नई शिक्षा नीति लागू करने वाली सोलह सदस्यीय समिति का सदस्य बनाया गया है।सभी वक्ताओं का स्वागत करते हुये उन्होंने कहा कि नई नीति में इस पर जोर दिया गया है कि शिक्षा के बाद क्या।हमें ये जानना होगा कि शिक्षा की सार्थकता क्या है।उन्होंने कहा कि विमर्श के बिन्दुओं को नई नीति में समाहित किया जा रहा है।

वेबिनार की थीम संयोजक डाक्टर श्वेता भारद्वाज ने प्रस्तुत करते हुये कहा चौंतिस सालों के बाद के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में जो नीति बनाई गई है उस पर सम्यक् विमर्श के लिए इसका आयोजन किया गया है।उन्होंने थीम की व्याख्या करते हुये कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत रिसर्च की गुणवत्ता तथा कौशल विकास पर जोर दिया गया है।

डाक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विवि के प्रति कुलपति प्रोफेसर एस एन शुक्ला ने मल्टी डिसप्लीनरी विषय पर अवधारणा को स्पष्ट किया।उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में हमारी गुरुकुल प्रणाली अपने आप में परिपूर्ण थी।इसी शिक्षा प्रणाली के चलते भगवान श्रीराम ने सीखा था कि बिना किसी तकनीक और सुविधा के जंगल में कैसे रहे ।उन्होंने कहा कि मैकले की बनाई शिक्षा प्रणाली ने हमारे मूल्यों को बहुत क्षति पहुँचाई।उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में नालेज और एजूकेशन में अंतर किया गया है।प्रोफेसर शुक्ला ने कहा कि नई शिक्षा नीति में प्राचीनता की सुगंध समाहित है।इसके अन्तर्गत अब विद्यार्थी कोई भी विषय पढ़ सकेगा।

